CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 98 रायपुर, शनिवार 3 मई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक वर्दीधारी नक्सली ढेर



### मौके से SLR और अन्य सामान बरामद

**गरियाबंद,** 3 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में एंटी नक्सल ऑपरेशन अब और भी अधिक तीव्र और आक्रामक होते जा रहे हैं। शोभा थाना क्षेत्र के जंगलों में आज सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में जवानों ने एक वर्दीधारी नक्सली को मारा गिराया। जवानों को भारी पड़ता देख अन्य नक्सली फरार हो गए। मौके से एसएलआर हथियार समेत कई जरूरी सामान बरामद किया गया है। मारे गए नक्सली की पहचान डीवीसीएम आयतु उर्फ योगेश कोरसा के रूप में हुई है। गरियाबंद एसपी ने मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई सर्च ऑपरेशन के दौरान हुई। नक्सलियों ने पहले फायरिंग की, जिसके बाद जवानों ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। फिलहाल क्षेत्र में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया गया है और सुरक्षा बल अलर्ट मोड पर है।

## नक्सलवाद पर भाजपा सरकार के साथ कांग्रेस : धनेन्द्र साहू

### पूर्व पीसीसी चीफ धनेंद्र साहू के बयान की डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने की सराहना

नक्सलवाद पर आखिरकार सत्तारुढ़ भाजपा सरकार के साथ विपक्षी दल कांग्रेस के सुर ताल एक होते नजर आ रहे हैं. यह बात पूर्व छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू के बयान से होती है, जिसमें उन्होंने नक्सलवाद के मुद्दे पर सरकार के साथ होने की बात कही थी. धनेंद्र साहू के बयान की सराहना करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने उन्हें फोन कर इस दिशा में सरकार के प्रयासों से अवगत कराया. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूर्व छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू से फोन पर नक्सल मुद्दे पर किए बातचीत को अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है. उन्होंने कहा कि उनके (धनेंद्र साहू) के साथ कांग्रेस के कई नेताओं के (नक्सलवाद पर) सकारात्मक बातों को सुनकर धन्यवाद देने के लिए फोन किया है. हम सरकार के साथ है, और लाल आतंक समाप्त होना चाहिए. इस पर धनेंद्र साहू ने कहा कि जो सच्चाई है, वह बोलना ही है. इस पर हम सरकार के साथ हैं. पहली बार इतनी कार्रवाई हो रही है. विपक्ष का मतलब यह नहीं है कि सही काम का भी विरोध किया जाए. इसके साथ ही विजय शर्मा ने बस्तर ओलंपिक और बस्तर पुंडम की जानकारी देते हुए बताया कि नक्सल पीड़ित परिवारों के लिए अलग से सर्वे कराकर प्रधानमंत्री आवास प्रदान किया जा रहा है.

## भारत ने पाकिस्तान से बंद किया कारोबार

### पड़ोसी देश से आने वाली सभी वस्तुओं पर लगाई रोक

**नई दिल्ली,** 3 मई (न्यूज चैनल)। भारत ने आतंकवाद के पनाहगाह पाकिस्तान को एक बार फिर सबक सिखाने के लिए एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत भारत सरकार ने पाकिस्तान से किसी भी प्रकार की वस्तुओं के सीधे या परोक्ष आयात पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से दो मई को जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, यह फैसला राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक नीति के हित में लिया गया है। इस रोक के बाद अब पाकिस्तान से आने वाले किसी भी उत्पाद चाहे वह सीधे आयात हो या किसी तीसरे देश के जरिए परोक्ष रूप से हो इन सभी आयातों पर पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

बता दें कि भारत सरकार की तरफ से लगाए गए यह प्रतिबंध विदेश व्यापार नीति 2023 में नए प्रावधान के रूप में जोड़ा गया है, जिसको लेकर विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने साफ किया है कि अगर किसी मामले में आयात की अनुमति दी जाती है, तो उसके लिए भारत सरकार की विशेष मंजूरी जरूरी होगी।

## मंदिर में मची भगदड़, 7 की मौत, 30 घायल

**नई दिल्ली,** 3 मई (न्यूज चैनल)। शुक्रवार को गोवा के शिरगांव मंदिर में हर साल निकलने वाली धार्मिक जात्रा (धार्मिक जुलूस) में एक दुखद घटना घटी। मंदिर में बहुत ज़्यादा भीड़ थी और अचानक भगदड़ मच गई, जिसमें 7 लोगों की जान चली गई और 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि भीड़ इतनी ज़्यादा थी कि लोगों को साँस लेने में भी मुश्किल हो रही थी। अचानक अफरातफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। इस भगदड़ में लोग एक-दूसरे के ऊपर गिरते-पड़ते निकलने की कोशिश कर रहे थे, जिससे स्थिति और भी खराब हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और आपातकालीन सेवाएं तुरंत मंदिर पहुँचीं। उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को निकालकर पास के अस्पतालों में भर्ती कराया। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि धार्मिक जुलूस के दौरान यह भगदड़ क्यों मची। अधिकारियों ने इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### अनिल कपूर को मातृशोक

**नई दिल्ली,** 3 मई (न्यूज चैनल)। कपूर खानदान से हाल ही में बेहद दिल तोड़ देने वाली खबर सामने आई है। खबर है अनिल कपूर और बोनी कपूर की मां निर्मल कपूर का निधन हो गया है। निर्मल कपूर ने 90 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। 2 मई की शाम निर्मल कपूर के देहान्त की खबर आई है जिसके बाद



पूरी इंडस्ट्री में शोक का माहौल है। कपूर परिवार के करीबी और उनके चाहनेवाले निर्मल कपूर की आत्मा की शांति के लिए दुआएं मांग रहे हैं हालांकि कपूर परिवार की तरफ से अभी तक निर्मल कपूर के निधन को लेकर आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक अनिल कपूर की मां निर्मल कपूर पिछले एक हफ्ते से मुंबई स्थित कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती थीं जहां उनका इलाज चल रहा था। निर्मल कपूर काफी समय से बीमार चल रही थीं जिसके बाद कपूर परिवार ने उन्हें कोकिलाबेन अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल से वो ठीक होकर वापस न आ सकी और 90 साल की उम्र में सबको छोड़कर चल बसी। उनका अंतिम संस्कार कुछ ही देर में मुंबई के पवन हंस श्मशान घाट पर किया जाएगा।




चूहा- सुनती हो, पाक पीएम शहबाज शरीफ का भारत में यूट्यूब एकाउन्ट बंद कर दिया गया है।

चुहिया- हां जी, अब तो शहबाज को थोड़ी बहुत जानकारी मिलती थी वह भी नहीं मिलेगी।

## वायुसेना ने रचा कीर्तिमान, गंगा एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग



### देश में पहली बार हुआ ऐसा

**नई दिल्ली,** 3 मई (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान से तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर अपना पराक्रम दिखाया। आसमान का सीना चीरते हुए राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिग-29 और सुपर हरक्यूलिस विमानों ने जैसे ही गंगा एक्सप्रेसवे पर जलालाबाद के पीरू गांव के पास बनी हवाई पट्टी को चूमा, भारतीय वायुसेना के इतिहास में गौरव का एक और अध्याय जुड़ गया। अब भारत भी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग कराने वाले देशों के क्लब में शामिल हो गया है।

पूर्वाह्न 11.30 बजे प्रस्तावित एयर शो खराब मौसम के कारण करीब एक घंटे विलंब से शुरू हुआ। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लड़ाकू विमानों की गर्जना ने वहां मौजूद लोगों के दिलों में रोमांच पैदा कर दिया। बरेली के त्रिशूल एयरबेस से उड़ान भरने के बाद वायुसेना के विमान और हेलिकॉप्टर गंगा एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर टच एंड गो करते रहे। एमआई-17 वी-5 हेलिकॉप्टर से जवानों ने रस्सी के सहारे नीचे उतरने का अभ्यास किया। दोपहर 12.40 बजे शुरू हुआ एयर शो करीब 2.30 बजे तक चलता रहा। शुरुआत सैन्य परिवहन विमान एएन-32 की लैंडिंग से हुई। इसके बाद सी-130 जे हरक्यूलिस विमान नीचे उतरा। फिर जगुआर, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, राफेल के दो-दो विमान गर्जना करते हुए गुजरे। इस दौरान हजारों क्षेत्रवासी दूर से ही वायुसेना का शौर्य प्रदर्शन देखते रहे।

रात नौ बजे से लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग शुरू हुई। रात दस बजे तक विभिन्न लड़ाकू विमान एक्सप्रेसवे पर लैंडिंग और टेकऑफ करते रहे। इस दौरान शाम सात से रात दस बजे तक कटरा-जलालाबाद हाईवे को वाहनों के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया।

## डिप्टी सीएम अरुण साव ने भारतमाला परियोजना के निर्माण का किया औचक निरीक्षण, अधिकारियों से गुणवत्ता की ली जानकारी



**रायपुर,** 3 मई (हाईवे चैनल)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज अचानक निर्माणधीन रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेसवे का औचक निरीक्षण करने अभनपुर पहुंचे, यहां उन्होंने निर्माणधीन ओवरब्रिज एवं सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान भारत माला प्रोजेक्ट एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने सबसे पहले अभनपुर में निर्माणाधीन ओवरब्रिज कार्य का औचक निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही कार्य को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान अधिकारियों ने एक्सप्रेसवे प्रोजेक्ट कार्य की संपूर्ण जानकारी दी। डिप्टी सीएम अरुण साव ब्रिज निरीक्षण के बाद ग्राम पंचायत भेलवाडीह के पास पहुंचे, यहां उन्होंने सड़क निर्माण के संबंध पूछताछ की। इस दौरान अधिकारियों से सड़क निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि, निर्माण में सभी मानकों का ध्यान रखा गया है। उप मुख्यमंत्री साव ने निरीक्षण के बाद कहा कि भारत सरकार की यह क्रांतिकारी परियोजना है, इसका लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा। इस हाइवे के बन जाने के बाद विशाखापट्टनम जाने में लंबी दूरी तय करना नहीं पड़ेगा। साथ ही यह आर्थिक गलियारा के रूप में महत्वपूर्ण साबित होगा। गौरतलब है कि, रायपुर से विशाखापट्टनम तक 464 किमी लंबा 6 लेन का एक्सप्रेसवे का अधिकतर कार्य पूर्ण हो गया है। इस एक्सप्रेसवे के जरिए छत्तीसगढ़ से ओडिशा होते हुए आंध्र प्रदेश पहुंच सकेंगे। यह रायपुर को धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, कोरापुट और सब्बावरम शहर को जोड़ेगा। यह एक्सप्रेसवे विशाखापट्टनम बंदरगाह पर समाप्त होगा।

### कहा- एक्सप्रेसवे से छत्तीसगढ़ की जनता को होगा बड़ा लाभ

## भीषण सड़क हादसे में युवक की मौत

**अंबिकापुर,** 3 मई (हाईवे चैनल)। पत्थलगांव-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर भीषण सड़क हादसा हुआ, जहां नशा और रफ्तार युवक सुलेश मांझी की मौत का कारण बन गया। पल्सर सवार युवक तेज रफ्तार में बेरीकेट्स को टक्कर मारते हुए खड़ी पिकअप से टकरा गया। दर्दनाक हादसे में सुलेश के सिर पर गंभीर चोट आई और उसकी मौत हो गई। हादसा सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापगढ़ के पास हुआ है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर रात युवक सुलेश तेज रफ्तार से बाइक चला रहा था। वह नशे की हालत में था। तेज रफ्तार और नशे के कारण युवक ने बाइक से नियंत्रण खो दिया। बाइक अनियंत्रित होकर पहले बेरिकेट्स से टकराई, फिर सामने खड़ी पिकअप से जा भिड़ी। जोरदार टक्कर में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिन तेज बारिश और ओले गिरने का अलर्ट

**रायपुर,** 3 मई (हाईवे चैनल) छत्तीसगढ़ में अगले तीन दिनों तक मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई इलाकों में गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि की संभावना जताई है। यह मौसम परिवर्तन पश्चिमी विक्षोभ और विभिन्न चक्रवाती परिसंचरणों के प्रभाव के कारण होने की संभावना है।

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक प्रदेश के एक या दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ 50-60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और ओलावृष्टि होने की संभावना जताई है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे सतर्क रहें और खराब मौसम के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें। राजधानी रायपुर में भी शनिवार को कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। शुक्रवार को प्रदेश में सबसे अधिकतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस रायपुर में दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस पेंड्रा-रोड रहा।

## पानी की तलाश में रिहायशी इलाके में पहुंचा चीतल

**पथरिया,** 3 मई (हाईवे चैनल)। ग्राम पंचायत कंचनपुर में वन विभाग की लापरवाही और आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक के कारण एक नर चीतल की दर्दनाक मौत हो गई. शुक्रवार सुबह पानी की तलाश में गांव की ओर आया चीतल आवारा कुत्तों के झुंड का शिकार बन गया. भागते हुए वह खेत में लगे कटीले तार में फंस गया और घायल हो गया, जिसके बाद कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया. ग्रामीणों ने बड़ी मुश्किल से उसे बचाया, लेकिन समय पर इलाज न मिलने के कारण चीतल की हार्ट अटैक से मौके पर ही मौत हो गई. वरिष्ठ पशु चिकित्सक डॉ. एस.एम. पांडेय ने बताया कि मृत चीतल की उम्र लगभग पांच वर्ष थी और उसकी मृत्यु भय व हमले के कारण हृदयघात से हुई है.

### डियर पार्क योजना बनी मजाक

ग्रामीणों ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब हिरन आवारा कुत्तों का शिकार बने हों. पिछले 10ङ्क12 वर्षों से वन विभाग को ऐसे मामलों की जानकारी दी जाती रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. वर्ष 2022 में बगबुड़वा और पुछेली में डियर पार्क बनाने की योजना बनी थी, लेकिन यह योजना आज तक कागजों में ही सीमित है.



कुत्तों ने किया हमला, इलाज के अभाव में हुई मौत

### जंगल में पानी की कमी, जानवरों की जान की दुश्मन

प्राकृतिक जल स्त्रोतों की कमी के चलते हिरन जैसे वन्यजीव खुले क्षेत्रों और गांव की ओर आने को मजबूर हैं, जहां वे शिकार बन जाते हैं. ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में सैकड़ों की संख्या में चीतल विचरण करते हैं, लेकिन वन विभाग को इनके बारे में न तो जानकारी है और न ही वह कोई सर्वे करता है.

### ग्रामीणों की मांग : वन्यजीव सुरक्षा और जिम्मेदारी तय करने की ज़रूरत

गांववालों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए त्वरित कार्रवाई की जाए और डियर पार्क जैसी योजनाओं को जल्द से जल्द अमल में लाया जाए. इसके अलावा वन विभाग की निष्क्रियता और रेंजर की अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए गए हैं. लोगों का कहना है कि रेंजर कौन है, यह तक उन्हें पता नहीं — और न ही उन्होंने कभी क्षेत्र का दौरा किया है. पूर्व जिला पंचायत सदस्य वलीउल्ला शेख ने भी वन विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अगर स्थिति नहीं सुधरी, तो आने वाले समय में यह क्षेत्र चीतलविहीन हो सकता है. वन विभाग की चुप्पी- इस मामले में रेंजर से संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका फोन नहीं उठाया गया. यह भी विभाग की जवाबदेही पर बड़ा सवाल है.

## फर्जी मेडिकल बिल लगाकर किया 30 लाख का फर्जीवाड़ा, डीओई ने गठित की जांच टीम

**बिलासपुर,** 3 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिल्हा ब्लॉक स्थित एक स्कूल में शिक्षक ने फर्जी मेडिकल बिल लगाकर 30 लाख का फर्जीवाड़ा किया है. खास बात यह कि मास्टर जी ने चिकित्सा सुविधा के नाम पर ऐसा माइंड खेल खेला है कि शासन से सभी बिल पास भी हो गए. लेकिन भुगतान होने से ठीक पहले ही इस बड़े फर्जीवाड़ा का खुलासा हो गया. एक शख्स की शिकायत पर जिला कलेक्टर ने तत्काल मामले की जांच के निर्देश दिए, जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने 2 सदस्यीय जांच समिति का गठन कर जांच के आदेश दिए हैं. इस फर्जीवाड़े में बिल्हा क्ष्श्वह्र संदेह के घेरे में है.

बता दें, यह मामला तब उजागर हुआ जब शिकायतकर्ता धनंजय ने कलेक्टर अवनीश शरण को लिखित शिकायत कर पूरे फर्जीवाड़े की बिंदुवार जानकारी दी. शिकायत पत्र में शिक्षक पर आरोप लगाया है कि उसने अपने और परिजनों (शिक्षक पत्नी और शिक्षक साला) के नाम पर बड़ी राशि के मेडिकल बिल प्रस्तुत किए, जो फर्जी हैं. लगाए गए कुछ बिल मूलरूप से दूसरे मरीजों के भी हैं, जिनमें छेड़छाड़ कर रकम को भी कई गुना बढ़ाया गया है. इसके अलावा यह भी बताया गया है कि शिक्षक ने जिन तारीखों में खुद को बीमार बताकर इलाज के बिल जमा किए, उन्हीं तारीखों में वह स्कूल में ड्यूटी पर भी उपस्थित थे. आरोपी शिक्षक ने इन सभी बिलों को कूटरचित कर शासन को चूना लगाने की कोशिश की है. कई बिलों में नाम बदले गए और असली बिल की राशि को बढ़ाकर जमा किया गया है. कलेक्टर द्वारा मामले में जांच के निर्देश के बाद जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के लिए दो सदस्यीय टीम बनाई है. इसमें हायर सेकेंडरी स्कूल बैमा नगाई के प्राचार्य SK कश्यप और हायर सेकेंडरी स्कूल सरकंडा के लिपिक घनश्याम दुबे को शामिल किया गया है. जांच दल को जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं. शिक्षा विभाग का कहना है कि बिल्हा में एबीईओ सुनीता ध्रुव बीईओ का काम देख रही हैं. उसी ब्लॉक के पौंसरा संकुल के सीएसी साधेलाल पटेल के खिलाफ फर्जीवाड़ा की शिकायत सामने आई है.

CMYK